Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11-03-2022 | अंक 165

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### मृगी का दौरा पड़ने पुलिस कर्मी हुआ गंभीर, रेफर



पुलिस विभागे में कार्यरत विक्रम किस्को उम्र 42 वर्ष पिता गोवर्धन किसको मृगी का दौरा पड़ने से गंभीर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्रम किस्को बाजार आए हुए थे। इसी क्रम में धनबाद रोड में मृगी का दौरा पड़ा। जिससे वह गंभीर हो गए। आस पास के लोगो के सहयोग से उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत करसो के समीप सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में मो निशार उम्र 55 वर्ष पिता अब्दुल हाफिज, मो इरशाद उम्र 30 वर्ष पिता महबूब आलम, शमशेर आलम उम्र 33 वर्ष पिता निजामुद्दीन अंसारी सभी हजारीबाग गोरिया निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी हजारीबाग से दूध लेकर बरही आ रहे थे इसी क्रम में इनका वाहन करसो में ब्रेक डाउन हो गया। जिसके कारण दूध को दूसरे वाहन में डाल रहे थे। इसी क्रम में हजारीबाग से बरही की और आ रही ट्रक ने सभी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### ऑल्टो के चपेट में आने से बाइक सवार घायल, रेफर



चरही प्रखंड अंतर्गत जरबा निवासी मो इम्तियाज अंसारी उम्र 40 वर्ष पिता मुस्लिम मियां चरही से चरही से चौपारण जाने के क्रम में इटखोरी मोड़ के समीप ऑल्टो के चपेट में आ गया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गया। वहीं उन्हे घायलवस्था में बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी में गेट टू गैदर कार्यक्रम संपन्न झारखंड में टैलेंट हंट की कमी नहीं, सफलता के लिए उचित मार्गदर्शन जरूरी : विनय मिश्रा

## लक्ष्य उंचा रख, उसके अनुकूल तैयारी से मिलती है सफलता : रीमा मिश्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग। जिले के कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी संस्थान सभागार में बरही, चौपारण, इचाक, पदमा, बरकट्ठा व चलकुशा के प्रिंट, इलेक्ट्र०निक व वेब मीडिया से जुड़े पत्रकारों के लिए मीडिया गेट टू गैदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीबन सभी मीडिया से जुड़े पत्रकार शरीक हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार व विभिन्न प्रखंडों के वरिष्ठ पत्रकारों के हाथों दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने चाणक्य आईएएस एकेडमी के 29 वर्षो की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मौजूद मीडिया कर्मियों से मुखातिब हुए और कहा कि दरअसल ऐसे कार्यक्रमों के जरिए सिविल सर्विसेज की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे प्रतिभा के धनी होते तो हैं लेकिन सही मार्गदर्शन के अभाव में उन ऊंचाइयों को छूने से चूक जाते हैं, जिनके वे हकदार होते हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों की तारीफ करते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना होता है। इसलिए मीडिया का महत्व समाज को लेकर और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य तय कर सही दिशा में आगे बढ़े। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में इसके प्रति जागरूकता के अभाव के मद्देनजर पत्रकारों, समा. जसेवियों व शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों के साथ मिलकर संस्थान कैरियर काउंसलिंग के जरिए लगातार विद्यार्थियों को जागरूक कर रही है ताकि उनका भविष्य बेहतर बनाई जा सके। संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी ने बीते 29 सालों के दरम्यान 5 हजार से भी अधिक आईएएस, आईपीएस व आईएफएस दिए हैं, जिसमें हजारीबाग के कुमार सौरभ, कुमारी पूजा रानी, कुमार प्रशांत समेत अन्य कई नाम शामिल हैं। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि चाहे कोई नौकरी–पेशा का बेटा या बेटी हो या किसी व्यवसायिक का, किसान का या मजदूर का, सभी के बेटे या बेटियां सिविल सर्विसेज में सफलता हासिल कर सकते हैं, अगर उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति हो और उचित मार्गदर्शन में उसने समय के साथ नियमित परिश्रम किया हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह हर बार सिविल सर्विसेज के जारी परिणाम में टॉप 10 रैंक में चाणक्य आईएएस एकेडमी के कम से कम 5 विद्यार्थी शामिल रहते हैं, मैं चाहती हूं कि अब हजारीबाग ब्रांच के बच्चे भी टॉप 10 रैंक में शामिल हों, और मुझे उम्मीद है कि ऐसा समय बहुत जल्द आने वाला है! वहीं संस्थान के ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि रियायती दर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से सारी कक्षाएं संस्थान में संचालित की जाती है। साथ ही उन्नत लाइब्रेरी, डाउट सेशन समेत अन्य जरूरी सु. विधाएं दिए जाने के साथ साथ अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को मुहैया कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों के सफल होने की संभावनाएं अधिक बढ़ जाती है। सेंटर हेड मोहन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य सिविल सर्विसेज में हजारीबाग क्षेत्र के ज्यादातर बच्चों को सफलता के लिए तैयार करना है। मंच संचालन सत्यवर्धन पांडेय व नजान तलत ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर हेड मोहन कुमार के साथ साथ ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार, सदफ, काजल समेत संस्थान के सभी कर्मियों का अहम योगदान रहा।




दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत करते हुए





APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भगवती मंदिर शतचंडी यज्ञ परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 147 लोगों की हुई जांच

### ओम नर्सिंग होम ने शिविर आयोजित कर विशेषज्ञ डॉक्टर्स से कराई जांच, निशुल्क बांटे दवाइयां



कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



माँ भगवती मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को देखते हुए यज्ञ परिसर में ही बरही धनबाद रोड में संचालित ओम नर्सिंग होम एवं राज मेडिकल फार्मा की ओर से शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन यज्ञाचार्य जयनंदन मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, अवधेश सिंह, बब्लू ठाकुर, रवि कुमार एवं ओम नर्सिंग होम के संच. ालक उमेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस जांच शिविर में कुल 147 लोगों की जांच व इलाज के साथ साथ निशुल्क दवा भी मुहैया कराया गया। शिविर में 147 लोगो को बीपी, 90 लोगो का सुगर एवं 21 लोगो की हीमोग्लोबिन की जांच की गई। जांच शिविर में इलेक्ट्रो कार्डियो ग्राफी हार्ट से संबंधित, ब्लड सुगर, ब्लडप्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं एक्वाप्रेशर का जांच मशीन भी लगाया गया था। इस मशीन के द्वारा भी इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी हार्ट चेकअप 15, एक्यूप्रेशर , मशीन से 80 लोगों की जांच किया गया। साथ ही इस जांच शिविर में आए सभी लोगो को जरूरत के अनुसार आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, ब्लडप्रेशर, वायरल फीवर एवं दर्द की दवा भी दिया गया। जांच व इलाज डॉक्टर अरुण कुमार एमएस, डॉक्टर आशा कुमारी एम बीबीएस/डीजीओ, डॉक्टर चंचला कुमारी आयुष चिकित्सक , निर्मल कुमार, राजकुमार केशरी, विकास कुमार, शमशाद अंसारी, वसीम अंसारी, विक्रम कुमार, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, मीरा कुमारी, खुशबू कुमारी, पप्पू कुमार, गौरव कुमार, रिशु कुमार एवं रीमा के द्वारा किया गया। इस शिविर का लाभ लेने वाले लोगो में बिनोद कुमार, शांति देवी, गायत्री देवी, बजरंगी राम, रमेश रविदास, कुंती देवी, शामलाल साव, इंद्रदेव रजक, दशरथ साव, किरण देवी, अर्जुन पांडेय, गिरजा देवी, राधा देवी, जीबलाल यादव, गीता देवी, दुलारी देवी, अनीता देवी, देवंती देवी, रामबिलाश माली, श्यामलाल साव, बब्लू गोस्वामी, फुलवा देवी, हरी गोप, छोटीलाल पासवान, लक्ष्मी देवी, शांति देवी, बा. सुदेव सिंह, राजू ठाकुर, कांति देवी, नारायण साव, बालो देवी, मंजू देवी, बादल कुमार, देवधारी यादव एवं सैकड़ों लोग शामिल है।





## सड़क दुर्घटना में महिला स्वयं सेवक की मौत आक्रोशित भीड़ ने घंटो सड़क किया जाम

### एसडीओ व डीएसपी के टेलीफोनिक अस्वाशन के बाद हटा जाम, उचित मुआवजे की मांग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



मृतक का फाइल फोटो



चौपारण जीटी रोड स्थित पीपरा की समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गया। मृतक महिला की पहचान सुरेंद्र रविदास के पत्नी के रूप में हुवा जो बहेरा पंचायत कि पंचायत स्वयं सेवक थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित भीड़ ने सड़क को घन्टो जाम कर दिया। शव के साथ विरोश प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित भीड़ प्रसाशन से पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजा व एक परिवार को सरकारी नौकरी देने की माँग पर अड़े रहे। सड़क के दोनों तरह देखते ही देखते लंबी कतार लग गया। घटना कि सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे सीओ प्रेमचंद सिन्हा व थाना प्रभारी ने परिजनों से जाम हटाने का आग्रह किया। एसडीओ पूनम कुजूर व डीएसपी नाजीर अख्तर के टेलीफोनिक अस्वाशन के बाद आक्रो. शित भीड़ ने जाम हटाने का निर्णय लिया। घटना की सूचना पाकर स्थल पहुंचे मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि संरक्षक राजेन्द्र राणा, प्रमुख प्रतिनिधि बिराज रविदास भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, भगहर मुखिया प्रतिनिधि भुनेश्वर उर्फ पहलवान जी आदि ने घटना में सड़क निर्माण कंपनी के लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कंपनी पर कानूनी कार्यवाई व पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा व एक परिवार को सरकारी नौकरी देने का मांग। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक महिला अपने ससुर के साथ बाइक पर सवार होकर बरही जा रही थी तभी पिपरा ब्रेकर के समीप पीछे से अनियंत्रित कैंटेनर ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जहां महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गया वही चालक ससुर को मामूली चोट आया।

**घटना के प्रति स्वयं सेवक संघ ने जताया शोक**

इधर घटना की सूचना मिलते ही झारखण्ड प्रदेश स्वयं सेवक संघ ने घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राज्य के सीएम से मिलकर उचित मुआवजे की मांग करेंगे। कहा अनू कुमारी पिछले चार वर्षो से बिना मानदेय के सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग कर रही थी। शोक व्यक्त करने वालो में प्रखण्ड अध्यक्ष हेमन्त पांडेय, मुनेश्वर दास, सपना कुमारी, अनुज सिंह, जितेंद्र गुप्ता, प्रियंका कुमारी आदि सरकारी प्रावधानों के तहत मिलेगा एक लाख मुआवजा रु सीओ .इस संदर्भ में सीओ सह बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बताया कि सड़क दुर्घटना को लेकर बनाये गए सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को एक लाख मुआवज दिया जाएगा वही एसडीओ, डीएसपी व पीड़ित परिवार के साथ एनएच की टीम के साथ बैठक के बाद अन्य मुआवजे की बात होगा।

## झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का एक्सपोजर विजिट

### पुस्तकालय के सचिव ने दी पुस्तकालय की जानकारी, पुस्कालय के महत्व से हुए अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में संचालित झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का एक्सपोजर विजिट किया। स्कूल के निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता के साथ पहुंचे विद्यार्थियों ने पुस्तकालय में मौजूद पुस्तको का अवलोकन कर पुस्तकालय के महत्व से अवगत हुए। सभी बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तक लेकर पुस्तकालय में ही पढ़ा और ज्ञान अर्जन किया। मौके पर पुस्तकालय के सचिव कृष्णा प्रजापति ने पुस्. तकालय के महत्व एवं पुस्. तकालय की व्यवस्था की जानकारी दी। बताया कि पुस्तकालय में सभी तरह की पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्. तकालय नियमित खोला जाता है। इच्छुक विद्यार्थी इस पुस्तकालय में आकर पढ़ सकते हैं। बताया गया कि पुस्तकालय 11 बजे से 1 बजे तक एवम 3 से 6 बजे शाम तक खुलता है। मौके पर मौजूद झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक सुनील कुमार दत्ता, ने विद्यार्थियों को पुस्. तकालय के महत्व से अवगत कराया। बच्चे पुस्. तकालय से संबंधी जानक. ारी पाकर संतुष्ट नजर आए। एक्सपोजर विजिट में आरती कुमारी, रेखा कुमारी, सोनम कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, सोनी कुमारी, स्वीटी कुमारी, सोनम सोनी, रौशनी कुमारी, मनीषा कुमारी, कोमल सोनी, नीलू प्रवीण, साजिया जैसमिन, मो अल्ताफ हुसैन, आयुष कुमार, पियूष कुमार, जिशान अहमद, अमन कुमार, मो अल्तमश, इनामुल अंसारी, अमन कुमार, अंकित कुमार एवं राहुल कुमार मौजूद थे

दिनांक: 11-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर




## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C. G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस




फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट - हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार


सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदक:- श्री कमल गिरी

मोबाइल नं० 8521749112

सुनिल गिरी

भावी मुखिया उम्मीदवार


डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी तुलसी ठाकुर का 48 वर्ष में निधन, जन प्रतिनिधियों ने किया शोक प्रकट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के वार्ड सदस्य तुलसी ठाकुर का निधन बीते दिन इलाज के दौरान रिम्स अस्पताल में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी निधन की सूचना मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। वहीं उनकी निधन होने की सूचना मिलते ही बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो जमीरुद्दीन एवं मंगलदेव यादव उनके परि. जनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। वहीं बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की स्व तुलसी ठाकुर सच्चे और ईमानदार व्यक्ति थे लगातार दो बार निर्विरोध वार्ड सदस्य का चुनाव जीते। इनकी मृत्यु से काफी मर्माहत हूं भगवान इनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। मौके पर बीरेंद्र ठाकुर, जागेश्वर यादव, शिबू यादव, मंटू ताव, रंजीत यादव, अशोक यादव, जितेंद्र शर्मा, मणिलाल ठाकुर, अजय शर्मा, राजू यादव, आनंद पासवान, बंधन यादव एवं सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।




## विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने एव बच्चों को स्वच्छता पर ध्यान देना ही प्रशिक्षण का उद्देश्य :अयोध्या कुमार

### मवि से माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यपकों को दिया गया दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण

विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की परिकल. पना एवं सफलता को लेकर दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में की गई । इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मध्य एव उत्क्रमित उच्च विद्यालय केवाल के प्रधानाध्यापक अयोध्या कुमार, बीपीएम अरुण कुमार शर्मा, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, वरिष्ठ शिक्षक किशोरी महतो, रामदेव यादव एवं प्रशिक्षक मुनीलाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड के लगभग सभी मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यपकों ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में वर्ग 6 से ऊपर क्लास के बच्चो के स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गयी। प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि बच्चो में स्वच्छता भी एक पढ़ाई का हिस्सा है। विद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखना, बच्चो को सफाई पर विशेष ध्यान देने सं. बंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौके पर अयोध्या कुमार, मिथिलेश प्रसाद, सुधीर कुमार, रविकांत ओम, शशि भूषण, दशरथ कुमार, संजू कुमारी, रविन्द्र अग्रवाल, संजय कुमार दुबे, इंदु कुमारी, ज्योत्सना सिसोदिया, तुलसी कुमार दास, एहसान अहमद, सुरेश प्रसाद रजक, शिव कुमार राम, निर्मला कुमारी एवं देवनिशशीष एक्का मुख्य रूप से मौजूद थे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते शिक्षकगण




## प्रखंड मुख्यालय में आयोजित की गई जल जीवन मिशन कार्यक्रम

### जल गुणवत्ता एवं वर्षा जल के संचय एवं सेनेटरी सर्वे पर हुई चर्चा




जल जीवन मिशन कार्यक्रम के दौरान किट वितरित करते अतिथि

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड सभागार भवन में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरी तिलैया के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत जल गुणवत्ता, निगरानी एवं अनुश्रवण विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, आरागारो मुखिया महेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र की जल सहिया एवं अन्य महिला समूह के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान कनीय अभियंता प्रमोद कुमार सिन्हा, कोऑर्डिनेटर टेकलाल साव के द्वारा जल गुणवत्ता एवं वर्षा जल के संचय एवं सेनेटरी सर्वे के बारे में जल सहिया को विस्तार रूप से बताया। केमिस्ट राम पुकार प्रसाद के द्वारा एफटीके किट के माध्यम से जल गुणवत्ता, जल जांच, पैरामीटर के बारे में जिसमें पीएच, अम्लीयता, क्लोरीन, क्षारीयता, कठोरता, मटेलआपन, अमोनिया, फास्फेट, क्लोरीन, लौह तत्व, फ्ला. ेराइड, नाइट्रेट आदि के द्वारा बैक्टीरिया की जांच करके बताया गया। साथ ही साथ सभी जलसहिया को एफटीके कीट एवं वायल्स वितरण किया गया। इस दौरान सभी जलसहिया का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किया गया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण शुरू

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा : प्रखंड के प्राथ. मिक मध्य विद्यालय पलमा मैं बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षा प्रखंड प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल की अध्यक्षता व संचालन संतोष कुमार चौधरी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर मौजूद थे। प्रशिक्षण की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह उप प्रमुख दुर्गा यादव पूर्व प्रधानाध्यापक बाल गोविंद चौधरी प्रधानाध्यापक राजेंद्र यादव महेंद्र राम संतोष कुमार मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरुआत किया। बी ओ अशोक पाल ने कहा कि वन से टु क्लास के बच्चों को घर की भाषा और स्कूल की भाषा मैं दिक्कत होती है ।इसलिए प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारिका दास मो. हम्मद मनान सुनील कुमार यादव के द्वारा चलकुशा प्रखंड के वन से टु क्लास मैं पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि बच्चों को शिक्षण ग्रहण करने में कोई दिक्कत ना हो, और प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा सरकारी स्कूलों में हो। प्रशिक्षण में शिक्षक ताहिर हुसैन विनोद कुमार विकास चंद्र यादव धनेश्वर दास, नीरज कुमार सिंह, किशोरी प्रसाद सिंह ,भोला दास, सुबोध चौधरी, सुलोचना चौधरी ,रामावतार चौधरी समेत अन्य शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद थे।

## महानेटांड से अज्ञात युवक का शव बरामद हत्या व आत्महत्या पर संशय बरकरार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



जीटी रोड स्थित महानेटाण्ड जंगल से चौपारण पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। युवक चड्डी व पैर में पैतावा पहने हुए है। गले मे रस्सी से बँधा निशाना दिख रहा है। शव देख कर प्रतीत होता है कि युवक की हत्या साजिश के तहत करके साक्ष्य छुपाने के लिए जंगल मे फेक दिया है। इधर घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँचे चौपारण थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर चौपारण थाना ने आई। इस सन्देर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने कहा कि मामले मि जाँच पड़ताल जारी है। जांचोपरांत ही इस संदर्भ में कुछ नही कहा जा सकता है। थाना प्रभारी ने कहा कि शव की पहचान के लिए आ. सपास के थानों को शव का तस्विर भेज दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश समेत चार राज्यों में शानदार प्रदर्शन करने पर भाजपाई खुश मिठाइयां बांटी जश्न मनाया



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम में भाजपाइयों ने जश्न मनाते हुए,एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिठाई खिलाई तथा पटाखा फोड़ कर जीत पर जश्न मनाया। उत्तर प्रदेश सहित अन्य तीन राज्यों में भाजपा को विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलने पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव, अनुमंडल सांसद रघुवीर महतो ,बरकट्ठा प्रखंड और बेडोकला के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में खुशियां मनाई गई। जहां पिछले दिनों देशभर के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुआ था। और गुरूवार को चुनाव परिणाम में भाजपा चार(उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड,मणीपुर व गोवा) राज्यों में बहुमत हासिल की। जिससे देशभर के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी ,और मिठाइयां बांटी गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने होली से पहले रंग- गुलाल खेली तथा फगुआ के गीत गाते नजर आए। बताते चलें दिव्य कल्याण आश्रम मे नारेबाजी के साथ सभा का समापन हुआ। अनुमंडल सांसद प्रति. निधि रघुवीर महतो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में जहां गरीबों के लिए कल्याणकारी योजना लोगों तक पहुंच रही हैं जिससे आम कार्यकर्ता को भी संगठन में काम करने को एनर्जी मिलती है और कार्यकर्ता पूरे मजबूती के साथ पार्टी के लिए खड़ा रहती हैं इसीलिए हर राज्य में भाजपा बहुमत की सरकार में आ रही है। कार्यकर्ताओं का मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है इसलिए देश की जनता तथा युवाओं की पहली पसंद है। मौके पर मुख्य रूप से बरकट्ठा के सांसद प्रतिनिधि केदार साव, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, भाजपा युवा नेता अनिल कुमार आजाद, बेडो. कला युवा मोर्चा अध्यक्ष रतन पासवान, छोटेलाल मेहता,पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेड़ोकला इंद्रदेव यादव, शंकर साव, युवा महामंत्री महेंद्र प्रसाद, शंकर ठाकुर कोषाध्यक्ष दुर्गानंद झा, पंचायत संयोजक मुकेश यादव ,बिंदु सोनी, पितांबर नायक ,जीवन यादव ,संजय सोनी प्रखंड मंत्री श्रीकांत पांडे, एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## चौपारण पहुँचे पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा, होली मिलन समारोह मे हुए सम्मिलित

### एकजुट होकर रहे, समाज का होगा उत्थान तभी मिलेगा मान व सम्मान : यशवंत सिन्हा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण भारत सरकार के पूर्व विदेश व वित्त मंत्री सह हजारीबाग से सांसद रहे यशवंत सिन्हा चौपारण पहुंचे। चित्रांश परिवार द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर एक सबको होली का दिया बधाई। फ०रेस्ट आईबी में आयोजित कार्यक्रम में चौपारण चित्रांश अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने यशवंत सिन्हा को बुके व अंगवस्त्र देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिन्हा ने सबको होली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि चित्रांश परिवार के लोग एकजुट होकर रहे, समाज का उत्थान तभी मिलेगा सबको सम्मान। कहा हमारे पूर्वजों ने आज़ादी में कई लड़ाई में अपने प्राणों की आहूदि दी थी जिसे दुनिया आज भी याद करती है। कार्यक्रम की शुरुवात भगवान चित्रगुप्त के तस्विर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान सभी चित्रांश परिवार के लोगों ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम का संचालन भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रा. जेश सहाय ने किया तथा स्वागत संबोधन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रखंड अध्यक्ष चित्रांश संजय कुमार सिन्हा ने किया। मंच साझा करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा, दादपुर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर सिन्हा, धीरेंद्र सिन्हा, हेमंत सिन्हा, राकेश सिन्हा, अमर सिन्हा, मनीष सिन्हा तथा अधिवक्ता सूरज सिन्हा, अभिषेक रुखैयार, अरविन्द सिन्हा,प्रकाश सिन्हा,विक्रम लाल, सुनील कुमार सिन्हा, सत्येंद्र प्रसाद, रा. जेंद्र प्रसाद, रितेश सिन्हा,सुभाष प्रसाद, दिलीप सहाय, अनिल सिन्हा, पवन कुमार सिन्हा सहित सैंकड़ों की संख्या में चित्रांश उपस्थित थे ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## चार राज्यों में विजय के बाद भाजपाइयों में जश्न का माहौल, निकाला विजय जुलूस

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



देश के 5 राज्यों में चुनावी रिजल्ट आने के बाद चार राज्यों में भाजपा को मिले बहुमत से गांवा मंडल के भाजपाइयों में खुशी का माहौल देखा गया। इस खुशी में भाजपाइयों ने गाने बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए विजय जुलूस निकाला। कार्यकर्ता ही नहीं गांव के जनता में भी है खुशी का माहौल मुन्ना सिंह भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने चार राज्यों में विजय परिणाम आने के बाद कहा कि आज हम लोग चार राज्यों में पूर्ण बहुमत आने से बहुत ही खुश हैं। हम लोग ही नहीं गांवा प्रखंड के जनता में भी खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है और हम लोग गांवा भाजपा कार्यालय से लेकर के पूरे गांवा बाजार होते हुए थाना मोड़ तक जशन मनाए जो जश्न एक विजय जुलूस के रूप में तब्दील हुआ और लोग गाने बाजे के साथ होली दिवाली मनाते नजर आए। चार राज्यों के बाद झारखंड में भी बनेगी भाजपा की सरकाररू चंद्रशेखर आजाद गांवा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आज पांच राज्यों का चुनाव परिणाम आया है जिसमें भाजपा को 4 राज्य में बहुमत मिली है जिसके लिए मैं चारों राज्यों की जनता को धन्यवाद देता हूं और आज हम लोग जश्न मनाते हुए एक विजय जुलूस निकाले जो पूरे मार्केट होते हुए थाना मोड़ तक गए और हम यहां की जनता से अपील करते हैं कि 4 राज्यों के भांति अगले आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भी बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव, मनोज सिंह, राजकुमार सिंह, अंकज सिंह, विकास पांडे ,पवन सिंह, विशाल पांडे, विशाल राणा ,ललित पांडे अजीत पांडे, अजीत शर्मा, चंद्रिका यादव आदि दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

## बड़ा बाजार यूथ विंग ने भाजपा के प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

### भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बहुत–बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं : विशाल खंडेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



गुरुवार को चार राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर हजारीबाग के बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जीत का जश्न मनाया। वही लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी तो वही जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे जैसे गानों को गाकर जश्न मनाया जिसके पश्चात सभी ने भारत माता की जय जैसे अनेकों जयकारे लगाया। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारत की जनता को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा ने चार राज्यों में प्रचंड जीत हासिल किया है इसका श्रेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी कार्यकर्ताओं को जाता है मौके पर उपाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने कहा कि 37 वर्षों के बाद उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भाजपा की दूसरी बार सरकार बनने जा रही है यह सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता और जनता के अपार प्यार से संभव हो पाया है। साथ ही कहा की भारत के इतिहास में प्रथम बार यूपी के मुख्यमंत्री के दायित्व पर होंगे दूसरी बार योगी। ौके पर रु– बड़ा बाजार यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप नंदकिशोर खंडेलवाल, प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संजय कुमार डिश, रितेश खण्डेलवाल, संयोजक विकास केसरी, सहसंयोजक जय नंदन कुमार सिन्हा, सदस्य संजीव कुमार अमित कुमार, अतिशय जैन, अंशु सिंह, रंजीत कुमार, अशोक जैन सहित कई लोग उप. स्थित थे।

## चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण शुरू

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**




प्रखंड के प्राथमिक मध्य विद्यालय पलमा मैं बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षा प्रखंड प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल की अध्यक्षता व संचालन संतोष कुमार चौधरी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर मौजूद थे। प्रशिक्षण की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह उप प्रमुख दुर्गा यादव पूर्व प्रधानाध्यापक बाल गोविंद चौधरी प्रधानाध्यापक राजेंद्र यादव महेंद्र राम संतोष कुमार मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरुआत किया। बी ओ अशोक पाल ने कहा कि वन से टु क्लास के बच्चों को घर की भाषा और स्कूल की भाषा मैं दिक्कत होती है ।इसलिए प्रशिक्षण में प्रशिक्षक द्वारिका दास मोहम्मद मनान सुनील कुमार यादव के द्वारा चलकुशा प्रखंड के वन से टु क्लास मैं पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि बच्चों को शिक्षण ग्रहण करने में कोई दिक्कत ना हो, और प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा सरकारी स्क. ूलों में हो। प्रशिक्षण में शिक्षक ताहिर हुसैन विनोद कुमार विकास चंद्र यादव धनेश्वर दास, नीरज कुमार सिंह, किशोरी प्रसाद सिंह ,भोला दास, सुबोध चौधरी, सुलोचना चौधरी ,रामावतार चौधरी समेत अन्य शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद थे।

## भंडारीडीह मे बीचों बीच रोड पर बना गोल्फ कर रहा दुर्घटना को आमंत्रित

**अपेम लाइव : गिरिडीह / टाउन**
**आदित्य पांडेय**



गिरिडीह से चौताडीह सदर अस्पताल, नया समहारणालय पपरावाटांड जानेवाली रोड को जोड़नेवाली जामा मस्जिद भंडारीडीह से निकली रोड जिस स्थान पर जुड़ती है उस स्थान पर रोड के बीचो बीच गुजरती नाली के ऊपर लगा स्लेप् टूट कर नाली में धंस गया है, स्लैप टूट कर धंसे लगभग तीन महीने बीत चुकी है मगर किसी भी अधिकारी ने इस टूटे स्लेप् को ठीक करने की सोची तक नहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गोल्फ मे गिरकर कई राहगीर चो. टिल हो चुके हैं जिस स्थान पर स्लेप् टूट कर रोड के बीचो बीच गोल्फ बन चुका है वह भंडारीडीह के वार्ड नंबर उन्नीस मे पड़ता है रोड के बीचो बीच बने गोल्फ को तीन महीने बीत जाने के बाद भी जिला प्रशाषण मौन रहना कार्यवाही ना करना कई सवाल खड़े करती है क्या जानमाल की क्षति होने का इंतजार कर रही है गिरिडीह जिला प्रशासन स्थानीय लोगों का कहना है कि गिरिडीह केवल नाम का नगर निगम बना है नगर निगम जैसा कोई सुविधा धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं देती है । नगर निगम के अधीन क्षेत्र में हरेक गली नली जीर्ण अवस्था में पड़ी हुई है और जगह जगह पर नाली टूटे होने के कारण जाम हो कर गंदा पानी रोड पर बहती नजर आती है। बारिश होने पर नाली का गंदगी और कचरा रोड पर नजर आने लगती है। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि अगर किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका पूर्ण जिम्मेदार गिरिडीह जिला प्राशाशन होगा गिरिडीह जिला प्रशासन अविलंब रोड के बीचोबीच बने गोल्फ को अपने संज्ञान में लेकर मरम्मत करवाये ताकि किसी तरह की कोई जानमाल का नुकसान ना हो

## ठाकुर मोहल्ला द्वारा सामूहिक होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




**बैठक में शामिल लोग।**

प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित ठाकुर मोहल्ला में 15 मार्च को सामूहिक होली मिलन समारोह मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विशाल ठाकुर एवं संचालन अंगेश राणा ने किया। जाति समुदाय से ऊपर उठकर होली मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में समाज के हर जाति के लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया होली ऊंच–नीच और जात पात नहीं देखता, होली के रंग में सब एक समान होते हैं। होली किसी एक जाति के द्वारा अपने स्वजातियों के साथ मनाना उचित नहीं है। इसलिए उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से सामूहिक होली मिलन समारोह मनाने का फैसला लिया। होली मिलन समारोह में अगल–बगल के गांव के सभी जाति वर्ग के लोगों को न्योता भेजा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विशाल ठाकुर, अंगेश राणा, अविनाश राणा, अभिषेक ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अमन ठाकुर, विनय ठाकुर, बजरंग ठाकुर और मुकेश ठाकुर के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त मुआवजे की मांग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**हाथी द्वारा छतिग्रस्त किया गया मकान**

प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत ग्राम शफी में झुंड से बिछड़े इकलौते हाथी ने बीती रात जम कर उत्पात मचाया। शुक्रवार अहले सुबह हाथी ने लगभग तीन बजे उमेश महतो और नरेश महतो के घर पर हमला कर दिया जिससे कारण मकान को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। उमेश महतो के घर में रखे दो क्विंटल चावल, दो क्विंटल गेंहू, दस किलो चना हाथी चट कर गया। वही घर में रखे बरतनों को भी हाथी ने तोड़फोड़ कर दिया। इसके अलावा हाथी में गाली गांव में भी अनूप गंझु के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी अभी भी जंगल में है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ज्ञात हो की हाथियों का उत्पात आए दिन बादम और गोंदलपुरा के अलावा प्रखंड के अन्य गांव में होता आ रहा है। बड़कागांव प्रखंड के जंगल अब हाथियों का क०रिडोर बन गया। पिछले एक वर्षो में दर्जनों घरों को हाथियों ने छतीग्रस्त किया है। और कई लोगों की जान हाथियों के हमले में गई है। जंगलों में लकड़ी के कटाव के कारण हाथी अब ग्रामीण क्षेत्रों में आने लगे हैं। जंगल का कटाव अगर नही रोका गया तो ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का आक्रमण और बढ़ जाएगा। मामले को लेकर वन क्षेत्र पदाधिक. ारी छोटे लाल साहू ने कहा कि हाथी अपने झुंड से भटक गया है उसे बाहर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिनका भी मकान क्षतिग्रस्त हुआ है नियम संगत सरकारी प्रावधान के अनुसार जल्द से जल्द उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित
एडिटरः सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## ईंट लदे ट्रक से कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर सड़क जाम करते ग्रामीण

बनासो–बुडगड्डा सड़क में चानो तथा बंदखारो के बीच सलमंदरा में शुक्रवार को ईंट लदे ट्रक से कुचलकर बाइकसवार महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। बताया जाता है कि जोबर पंचायत के फुसरो टोला निवासी जसवा देवी (35) पति प्रसादी महतो अपने देवर सुरेश महतो के साथ होंडा साइन बाइक पर सवार होकर बनासो से अपने घर जोबर की ओर लौट रही थी। इसी बीच ईंट लदे ट्रक (जेएच02एडब्लू 4031) से साइड लेने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। जिसमें महिला ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। वहीं, बाइक चला रहा देवर दूसरी ओर जा गिरा। उन्हें भी हल्की चोटें आई है। दुर्घटना के बाद महिला ने मौके पर हीं दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीण एवं परिजन ट्रक चालक को गिरफ्तार करने एवं उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़े थे। पुलिस ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटाया। बताया जाता है कि महिला के पति मुंबई में काम करते हैं। मृतका के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। घटनास्थल पर पहुंचे परि. जनों का रो : रोकर बुरा हाल था।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ी

**अपेम लाइव : गिरिडीह / टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज शुक्रवार को पूरे दिन भर जिले भर के हरेक विभाग में पुरानी पेंशन बहाली हेतु राष्ट्रीय आंदोलन जिला इकाई गिरिडीह के बैनर तले आज जिला अधिवेशन को लेकर जनसंपर्क अभियान जोरो से जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में चलाया गया। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा की है और वादा किया है कि हम सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देंगे। सरकार गठन के इतने दिनों बाद भी मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा अधिसूचना का रूप नहीं ले पाई है इसलिए उद्घोषणा को अधिसूचना में तब्दील कराने के लिए एनएमआ. पीएस की टीम लगातार मुहिम चला रही है। जिले में आयोजित पेंशन चेतना यात्रा और जिला महा अधिवेशन को लेकर आज पुलिस मेंस एसोसिएशन मैं बैठक की गई जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर लाल पहन, मंत्री अखिलेश्वर मेहता उपाध्यक्ष संजीव कुमार संयुक्त मंत्री धीरेंद्र कुमार वर्मा श्याम बिहारी पांडे सुखदेव जी और एनएमओपीएस गिरिडीह के मोहम्मद ना. शाद समा राजेश कुमार सिंह मोहम्मद अख्तर अंसारी मिथुन राज विकास सिन्हा सहित कई साथी शामिल थे बैठक में सव. सम्मति से निर्णय लिया गया की पुलिस एसोसिएशन की तरफ से अधिक से अधिक संख्या में लोग इस पेंशन चेतना यात्रा में शामिल होकर महा अधिवेशन को सफल करेंगे। पुरानी पेंशन हमारा हक है पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे । हम सभी पेंशनधारीयों की आवाज सूबे के मुख्यमंत्री तक पहुंचाते हुए विधानसभा के वर्तमान सत्र में पुरानी पेंशन बहाली घोषणा करने की मांग करेंगे।

## कल लगेगी लोक अदालत गिरिडीह जिला न्यायालय परिसर में

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



शनिवार 12मार्च2022को गिरिडीह व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारी पूरी कर ली गई है। आज नगर थाना पुलिस रोड किनारे अवैध रूप से दुकान, ठेला, खोमचा लगाने वाले दुक. ानदारों को अभियोजन दिया गया और निर्देश दिया गया की कल ससमय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे और रोड अतिक्रमण करने के लिए जो चालान काटे गए थे उसको जमा करना है। जिला पुलिस बल शहर के हरेक चौक चौराहे पर अवैध रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अभियोजन दिया। गिरिडीह के हरेक चौक चौराहे पर रोड किनारे दुकान, ठेला खोमचा लगा देने से हमेशा जाम की स्थिती बनी रहती है। जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाते रहती है मगर हालत जस की तस बनी रहती है। अतिक्रमण हटाने को लेकर मुहिम की शुरूआत जब जिला प्रशासन द्वारा की जाती है तो अतिक्रमण करने वाले दुकानदार सावधान हो जाते हैं और अपनी दुकान को कुछ देर के लिए समेट लेते हैं और ठेला खोमचा लगाने वाले अपनी ठेला खोमचा को कुछ देर के लिए किसी गली में छुपा लेते हैं। जैसे ही प्रशासन आगे बढ़ती है पीछे सभी दुकानदार अपनी दुकान फिर से पसार लेते हैं। गिरिडीह हुट्टी बाजार में केवल साप्ताहिक हटिया रविवार को लगती है बाकी दिन वहां सन्नाटा पसरा हुआ नजर आता है। शहर के हरेक सुचारू रूप से संचालित रोड किनारे और चौक चौराहे पर प्रतिदिन हजारों किसान अपनी फसल बेचने के लिए गिरिडीह आते हैं। जिला प्रशासन ने दैनिक हटिया के लिए कोई स्थान चिन्हित भी नहीं किया है ऐसे में किसान अपनी फसल रोड किनारे बैठ कर ना बेचे तो फिर कहां बेचे ? पूछता है गिरिडीह जिला अंतर्गत आस पड़ोस के किसान वर्ग

## मोहनपुर के मजदूर के साथ छिनतई

**अपेम लाइव : गिरिडीह / टाउन**
**आदित्य पांडेय**



गांडेय प्रखंड के चम्पापुर पंचायत ग्राम इरचिट निवाशी प्रमोद टुडू उम्र 35 साल पिता महलाल टुडू रहने वाला है ,वह रांची के नगड़ी में मजदूर के रूप में काम करने गया था होली पर्व में वह अपने घर इरचिट आ रहा था।जिसमे मजदूर के मालिक 18 हजार रुपये दिये थे नगद दिया।मगर कुछ बदमासों ने रांची से नजर रखे हुए था। और ओरमांझी के पास उसे बिस्किट और फल खाने को दिया।जिसे खाने के बाद वह नशे में धुत हो गया।और बहुत लंबी समय तक नशे में होने के कारण उनके रखे समान को लूट लिया गया।साथ ही साथ उसके सभी पैसे, मोबाइल वचचव ।5 लूट लिया गया।जब उसका नशा टूटा तो वह अपने आप को गिरीडीह महावीर मंदिर ॅ. च कोठी के पास पाया गया।उसके घर वाले 3 दिनों से खोज रहे थे।अभी भी प्रमोद डुडु नशे की हालत में कुछ लोग जान पहचान के लोग उनको उनके ससुराल मोहनपुर अपने ससुर मोतीलाल मुर्मू के पास पहुचा है।

## रूके प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर कृषक मित्रों की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कृषक मित्र महासंघ की बैठक प्रखंड परिसर में की गई जिसकी अध्यक्षता वासुदेव प्रसाद एवं संचालन प्रखंड सचिव महेश गंझू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दिलेश्वर महतो उपस्थित रहे। दिलेश्वर महतो ने कहा कि प्रोत. साहन राशि नहीं मिलने पर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हमलोग को मानदेय मिलता तो है नहीं, प्रोत. साहन राशि भी समय पर नहीं मिलता है। इस बात के लिए सोमवार 14 मार्च को हजारीबाग उपायुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी और परियोजना पदाधिकारी के यहां घेराव किया जाएगा। साथ ही, 22 मार्च को माननीय शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के रांची स्थित आवास पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। बारी बारी से झारखण्ड सरकार के सभी माननीय मंत्री के यहां धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष मूरली महतो, कोषाध्यक्ष चन्द्र नाथ महतो, मोहन साव, मनोज कुमार महतो, महेश महतो, चिन्तामनी महतो, छट्ठु महतो, कमलनाथ महतो, रेखा देवी, राजेश्वर महतो, कुंवर महतो, ललित कुमार सिन्हा, महेंद्र कुमार, रघुनंदन महतो, कृष्ण देव प्रजापति, पारसनाथ प्रजा. पति, बबीता कुमारी,अशोक सिंह आदि प्रखंड के सभी कृषक मित्र उपस्थित थे।

## बाहरी भाषा के विरोध में उरवां में निकला विशाल जुलूस

### भोजपुरी, मगही, अंगिका भाषा के खिलाफ उग्र दिखे लोग, सरकार को दी चेतावनी

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




ारखंड में चल रहे भाषा विवाद का आंदोलन अब कोडरमा तक पहुंच गया है। इसकी चिंगारी कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड के उरवां पंचायत दिखाई दी है। उरवां के नौजवानों एवं ग्रामीणों ने भाषा से संबंधित जिले में पहला कार्यक्रम कर जिले वासियों को एक नया संदेश दिया है। 11 मार्च को उरवां के ग्रामीणों एवं नौजवानों ने भोजपुरी, मगही एवं अंगिका भाषा के विरोध एवं खोरठा भाषा के समर्थन में जामुखांडी से उरवां तक विशाल जुलूस निकाला। जो उरवां मोड़ पर जाकर सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भोजपुरी, मगही नाय चलतो, स्थानीय भाषा को दर्जा देना होगा आदि नारे लगा रहे थे। जुलूस उरवां मोड़ पर सभा में तब्दील हो गया। आयोजित सभा की अध्यक्षता युवा नेता कृष्णा यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समा. जसेवी झरी राणा, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान व पंचायत समिति प्रतिनिधि मनोज पासवान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 24 दिसम्बर 2021 के गजट संख्या 660 को रद्द करने की मांग की। साथ ही कहा कि झारखंड में बाहरी भाषाओं के लोग झारखंड में प्रश्रय लेकर यहां के स्थानीय लोगों के हितों पर हमला कर रहे हैं। युवा नेता कृष्णा यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि झारखंड का निर्माण यहां के स्थानीय समस्याओं का नि. राकरण करने तथा युवाओं को रोजगार देने सहित कई विषयों को लेकर किया गया था। लेकिन आज झारखंड में रहने वाले लोग अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं। वहीं समाजसेवी झरी राणा ने कहा कि झारखंड सरकार भोजपुरी, मगही व अंगिका भाषा के लोगों को बेदखल नहीं करती है तो यहां की जनता वर्तमान सरकार को बेदखल कर देगी। मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान ने कहा कि झारखंड में रहने वाले झारखंडी की पहचान उनकी भाषा से है उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति को बचाने के लिए यहां के युवा एकजुट हो गए हैं। कार्यक्रम में मोती दास, मथुरा यादव, शीतल यादव, अनवर हुसैन, संजय कुमार दास, गुलाब यादव, महेंद्र यादव रामसहाय यादव, सुधीर कुमार दास, सुनील चौधरी, दिलीप यादव, सुनील पांडेय, गणेश साव विष्णु साव, नितीश राणा सहित सौकड़ो लोग मौजूद थे।